हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–28 : जौनपुर, शनिवार 17 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सीएम योगी ने पीएम मोदी को दी बधाई : कहा– एक भारत श्रेष्ठ भारत का शिल्पी

लखनऊ ब्यूरो : प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन आज यूपी में पूरे जोर शोर के साथ मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भूपेन्द्र चौधरी, बसपा सुप्रीमो मायावती समेत तमाम लोगों ने पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर एक पखवाड़े तक चलने वाले सेवा अभियान के तहत भाजपा पूरे देश में अनेकता में एकता उत्सव, स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविरों का आयोजन करेगी। पीएम मोदी के जन्मदिन पखवाड़े में पार्टी पौधारोपण, स्वच्छता अभियान और जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम भी चलाएगी। भाजपा कार्यकर्ता दिव्यांगों में उपकरण वितरण, खादी प्रोत्साहन और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करेंगे। 2 अक्तूबर को लोगों को खादी और स्थानीय उत्पादों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि, 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' के शिल्पी, 'अंत्योदय' हेतु राष्ट्र आराधना में सतत रत, यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। प्रभु श्री राम मां भारती के परम उपासक आदरणीय प्रधानमंत्री जी को दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें। बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट कर कहा कि गरीबों, पिछड़ों और वंचितों को सम्मान देकर सामाजिक न्याय की पटकथा के सबसे बड़े लेखक, विश्व के सबसे शक्तिशाली नेता, जनहित को सर्वोपरि रखने वाले, हम सभी के प्रेरणा स्रोत व मार्गदर्शक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आपको



जन्मदिन की हार्दिक बधाई व अनंत शुभकामनाएं। ब्रजेश पाठक ने प्रधानमंत्री मोदी को एक वीडियो संदेश के जरिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि, 'राष्ट्रहित और जनहित को हमेशा सर्वोपरि रखने वाले, मां भारती के सच्चे सपूत, आधुनिक भारत के प्रवर्तक और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।' इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र के जन्मदिवस पर रक्तदान अमृत महोत्सव के तहत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का उदघाटन कर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रक्तदान किया। आज बिना डोनर लोहिया में मिलेगा खून प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर शनिवार को लोहिया संस्थान में बिना डोनर मरीजों को खून मिलेगा। कैंसर, गर्भवती महिलाएं, गुर्दा रोगी समेत दूसरी बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को खून बिना डोनर मिलेगा। लोहिया संस्थान की निदेशक डॉ. सोनिया नित्यानंद ने बताया ब्लड बैंक में सभी ग्रुप का खून उपलब्ध है। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि इस मौके पर लोहिया संस्थान की तरफ से तीन स्थानों पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। बिना डोनर खून के लिए डॉक्टर की ओर से जारी किया गया आवश्यकता फॉर्म व मरीज के खून का नमूना लाना होगा।

## सूचना विभाग जौनपुर द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का फीता काटकर किया गया उद्घाटन एवं अवलोकन

जौनपुर सू.वि. : माननीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव, सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह ' प्रिंशु ', जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा अंत्योदय के उपासक मा0 प्रधानमंत्री जी के जीवन और व्यक्तित्व पर आधारित सूचना विभाग के द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी तथा केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों, निर्णय, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं विषयक प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन एवं अवलोकन किया गया। मा0 राज्यमंत्री ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के कृतियों से हमें प्रेरणा मिलती है, उनके नेतृत्व में देश को नई दिशा दिखाई है और देश को समृद्ध शक्तिशाली के रूप में उभर कर आया है। सदस्य विधानसभा परिषद ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी का जीवन संघर्षों से भरा रहा है, सभी को उनसे प्रेरणा लेना चाहिए, नेतृत्व में नए नए आयाम को प्राप्त कर रहे है। जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में जनपद के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय ने बताया कि



प्रदर्शनी 17 सितंबर से 23 सितंबर तक लगाई गई है जिसमें आम जनमानस केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के साथ ही महत्वपूर्ण ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त कर सकते है और मा0 प्रधानमंत्री जी के जीवन से जुड़े कृतत्व और व्यक्तित्व से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, जिला जनसंख्या अधिकारी आर0डी0 यादव, उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह, समाज कल्याण अधिकारी सुनील सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### आज गरज–चमक के साथ बारिश के आसार : सुबह से ही तेज धूप और हवा भी शांत

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में आज बारिश के आसर हैं। बादलों की आवाजाही के बीच शुक्रवार को मौसम में बदलाव नजर आया। सुबह हल्की धूप के बाद दोपहर में खिलकर धूप निकली। दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम और न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम रहा। शनिवार को हवा बिल्कुल ही शांत है। आसमान में दूर–दूर तक बादल भी नहीं दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में गरज चमक के साथ हल्की बरसात की आशंका जताई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में गरज चमक के साथ हल्की बरसात की आशंका जताई है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में सुबह आर्द्रता का



स्तर 92 फीसदी और शाम को 84 फीसदी था। मौसम विज्ञानी प्रो. एसएन पांडेय के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम का रुख बदलेगा और आसमान साफ भी होगा। बादलों की आवाजाही का रुख बना रहेगा। नमी की अधिकता होने पर बूंदाबांदी भी हो सकती है।

## समाजवादी पार्टी ने मनायी शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाअध्यक्ष लालबहादुर यादव के नेतृत्व में भगवान विश्वकर्मा जंयती के अवसर पर पूजा हवन कर मनाया गया मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विश्कर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय महासचिव राजेश विश्कर्मा ने कहा भगवान विश्कर्मा को हिन्दू मान्यताओं और ग्रंथो के अनुसार निर्माण एंव सृजन का देवता माना गया है ऐसा माना गया है कि सोने की लंका का निर्माण इन्होंने किया था भारतीय संकृति और पुराणों में भगवान विश्वकर्मा को यंत्रों का अधिष्ठाता और देवता माना गया है उन्हें हिन्दू संकृति में यंत्रों का देव माना गया है भगवान विश्वकर्मा को सुख सुविधाएं प्रदान करने के लिए अनेक यंत्रों व शक्ति संपन्न भौतिक साधनों चरमोत्कर्ष को प्राप्त करता रहा प्राचीन शास्त्रों में वैमानिक विद्या नवविद्या यंत्र निर्माण विद्या आदि का भगवान विश्कर्मा ने उपदेश दिया है माना जाता हैं कि प्राचीन समय में स्वर्ग लोक



लंका,द्वारिका,हस्तिनापुर जैसे कई नगरों के निर्माणकर्ता भी भगवान विश्वकर्मा ही कियें थें भगवान विश्वकर्मा के अनेक रूप बताए गये है उन्हें कहीं पर दो बाहु कही चार,कही पर दस बाहुओं तथा एक मुख,और कहीं पर चार मुख व पंचमुखी के साथ भी दिखाया गया है आज भगवान विश्कर्मा के जंयती पर ये संकल्प लेने की जरुरत है कि देश की पुराने पंरपराओं को खत्म करने वाली भाजपा सरकार को देश से उखाड़ फेंकने की जरूरत है।

## जेसीआई जौनपुर ने धूमधाम से मनाया महान दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की अग्रणी संस्था जेसीआई जौनपुर के अध्यक्ष डॉ. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व एवं जेसी सप्ताह चेयरमैन दिलीप सिंह व को चेयरमैन सौरभ बरनवाल के संयुक्त सहयोग से नगर के एक होटल में महान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश टण्डन के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। संस्थाध्यक्ष डॉ. संदीप पाण्डेय ने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए लोगों को अवगत कराया कि जेसीआई जौनपुर संस्था 58 वर्ष पुरानी संस्था है। प्रत्येक वर्ष 15 सितम्बर को यह महान दिवस हमारे पूर्व अध्यक्षों के सम्मान में किया जाता है। तत्पश्चात सप्ताह चेयरमैन द्वारा साप्ताहिक कार्यकाल के रिपोर्ट में लोगों को बताया कि संस्था द्वारा पूरे सप्ताह नगर भर में विभिन्न कार्यक्रम को किया गया तथा इन कार्यक्रमों में सहयोग करने वाले सभी कार्यक्रम निदेशक मनीष मौर्या, शिवेन्द्र सेठ, आशुतोष जायसवाल, अजय गुप्ता, डॉ. प्रशांत द्विवेदी, सूर्यान्क साहू, डॉ. आनन्द प्रकाश, प्रदीप जायसवाल, प्रदीप सिंह, आरिफ अंसारी, शुभम जायसवाल, रत्नेश शर्मा, सीए रितुल पाठक को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संस्थाध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय ने आये हुए पूर्व अध्यक्ष चंद्रमोहन वर्मा, डॉ. मदन मोहन वर्मा, शकील अहमद, डॉ. एसके सिंह, संजय बैंकर्स, राधेरमण जायसवाल, कृष्ण कुमार जायसवाल, रत्नेश गुप्ता, शशांक सिंह रानू, राकेश जायसवाल, विक्की सेठ, आलोक सेठ, संतोष अग्रहरी, धर्मेंद्र सेठ, गौरव सेठ, मिर्जा डाबर बेग, पूनम जायसवाल, ज्योति जायसवाल को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने सप्ताह में किये गये सभी कार्यक्रमों की



सराहना करते हुए कहा कि जेसीआई जौनपुर सदैव लोगों को जागरूक करने का कार्य करती रहती है जिसमें साईकिल रैली एक बहुत ही सफल प्रयास रहा। विशिष्ट अतिथि राधेरमण जायसवाल ने कहा कि जेसीआई जौनपुर में ट्रेनिंग के माध्यम से लोगों में नेतृत्व करने की अद्भुत क्षमता का विकास होता है। विशिष्ट अतिथि अलोक सेठ ने बताया कि जेसीआई के आस्था पाठ को अपने जीवन में उतार लेना ही सच्चे जेसी का कर्तव्य है। मंडल उपाध्यक्ष गौरव सेठ ने लोगों को एसएमए मेम्बर्स के बारे में बताते हुए तीन नये मेम्बर्स संस्था में बनाये। कार्यक्रम में नीरज श्रीवास्तव, कृष्ण गोपाल जायसवाल, संतोष मेडिकल, सर्वेश जायसवाल, अतुल जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, रमेश श्रीवास्तव, दिलीप जायसवाल, रंजीत सिंह सोनू, विशाल तिवारी, आकाश केसरवानी, सुनील जायसवाल, सोनी जायसवाल, कंचन पाण्डेय, स्वर्णिमा जायसवाल, मंजू जायसवाल, अनीता सेठ, किरन सेठ, जूही वर्मा, नीलम जायसवाल, मीनू जायसवाल, सीमा अग्रहरी, नीलम जायसवाल, डॉ. सिम्पल कुमारी, पूनम श्रीवास्तव, आकांक्षा द्विवेदी, बबीता जायसवाल, वंशिका मौर्या, सिमरन तिवारी, नीतू सिंह, जूही बरनवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अर्चना सिंह व सचिव प्रदीप जायसवाल ने किया।

## पीयू में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जी की जयंती : विधिवत मंत्रोच्चार के बीच किया गया हवन पूजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के उमानाथ सिंह इंजीनियरिंग संस्थान के मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल विभाग के वर्कशाप में विश्वकर्मा पूजन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर बीबी तिवारी ने कहा कि विश्वकर्माजी देवशिल्पीकार थे। यानी की देवताओं के वास्तुकार के रूप में पूजा जाता है। मैकेनिकल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संदीप सिंह ने कहा कि विश्वकर्मा जी में अपने शक्ति से देवताओं के उड़ान रथ, महल और हथियार का भी निर्माण किया था। यहाँ तक की यह भी माना जाता है की इंद्र का महा अस्त्र जो ऋषि दधिची की हड्डियों से बना हुआ था वह भी विश्वकर्मा ने ही बनाया गया था। इलेक्ट्रिकल विभाग के प्रो. रजनीश भास्कर ने कहा कि विश्वकर्मा जी न सिर्फ स्वर्ग बल्कि उन्हें इस पूरे सृष्टि का निर्माता माना जाता है। उन्होंने सतयुग में सोने की लंका जहाँ रावण रहा करता था, त्रेता युग में द्वारका शहर, जहाँ श्री कृष्ण



थे, द्वापर युग में हस्तिनापुर शहर का निर्माण कराया था। प्रो. संदीप कुमार सिंह के साथ संकाय अध्यक्ष ने वर्कशॉप की मशीनों का निरीक्षण किया और मशीनों के रख–रखाव पर प्रसन्नता व्यक्त की ए विभाग के प्राध्यापकों डा. हेमंत कुमार सिंह, डा.दीप प्रकाश सिंह, डा. नवीन चौरसिया, डॉ. शशांक दुबे, डॉ. हिमांशु तिवारी, डॉ.अंकुश गौरव, डॉ. सुबोध कुमार , डॉ.जया शुक्ला, फोरमैन सीपी सिंह , संतोष उपाध्याय एवं केके मिश्र आदि उपस्थित थे। छात्र–छात्राओं ने बड़ी संख्या में पूजा में प्रतिभाग किया तथा छात्र प्रतिनिधियों अमित कुमार अमन यादव एवं अंकिता सिंह के नेतृत्व में कार्यशाला की सजावट का कार्य किया गया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## सुरेश त्रिपाठी सामाजिक समरसता उत्थान समिति संगठन के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सामाजिक समरसता उत्थान समिति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष (योगी सेवक) नीरज शर्मा ने सुरेश कुमार त्रिपाठी पुत्र स्व0 ब्रह्मदीन त्रिपाठी ग्राम चॉडी, तहसील करछना, जनपद



प्रयागराज, संगठन के प्रति मेहनत लगन व निष्ठा को देखते हुए उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। सामाजिक समरसता उत्थान समिति संगठन का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है। सामाजिक समरसता उत्थान समिति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सेवक नीरज शर्मा ने कहा कि इनसे अपेक्षा की जाती है कि संगठन के प्रति निष्ठा पूर्वक हिन्दू हितों के प्रति सदैव समर्पित रहेंगे और समाज में सामाजिक समरसता उत्थान कराने के प्रति प्रतिबद्ध रहेंगे। मैं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

## आइसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र में दीक्षांत समारोह सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आइसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र लखनऊ में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी रामचंद्र सिंह जी "प्रधान" उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री कौशल केंद्र लखनऊ के सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवाओं को कौशल प्रमाण–पत्र प्रदान करना था, साथ ही



उन सभी युवाओं को सम्मानित भी किया गया। प्रमाणपत्र वितरण एमएलसी रामचंद्र सिंह जी "प्रधान" द्वारा किया गया । साथ ही केंद्र के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरांत नौकरी प्राप्त कर चुके ऐसे कुछ युवाओं के द्वारा TESTIMUNIAL SPEECH भी दी गयी एवं अनेकों प्रस्तुतियाँ भी की गयी। कार्यक्रम में 150 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि को केंद्र का भ्रमण कराया गया एवं आइसेक्ट द्वारा संचालित सभी परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। आइसेक्ट द्वारा कधैशल विकास एवं आत्म–निर्भर भारत को बढ़ावा देने के उद्देश्य एवं प्रयासों को जानने के बाद प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने समस्त आइसेक्ट परिवार की भूरि–भूरि प्रशंसा की एवं सभी युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए एक बार पुनः पधारने का आश्वासन दिया । इस मौके पर लियाकत खोखर (स्टेट–हेड उत्तर प्रदेश) एवं आइसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र लखनऊ का समस्य स्टाफ उपस्थित रहा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

तन का रोग भले ही डॉक्टर जांच ले पर मन का रोग तो तुम्हें स्वयं जांचना पड़ेगा।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

# सम्पादकीय

## राजनीतिक सामाजिक और आर्थिक मोर्चे पर कैसा है प्रधानमंत्री मोदी की सरकार का प्रदर्शन

स्वदेशी रक्षा निर्माण पर गहन ध्यान देश के सहयोगियों के लिए एक मजबूत संकेत है कि आत्मनिर्भर भारत हमारे देश के ताने–बाने का अभिन्न हिस्सा है। सुधारों के दायरे ने चौंका दिया है। नोटबंदी ने काले धन से जुड़े वर्ग की कमर तोड़ दी है, और परिणामस्वरूप आयकर संग्रह में भारी वृद्धि हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी की अगुआई वाली एनडीए सरकार ने 2014 में सत्ता में आने के बाद से आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का आकार वित्त वर्ष 2014 में 113.45 लाख करोड़ रुपये था, जो कि बढ़कर वित्त वर्ष 2022 में 236.64 करोड़ रुपये हो गया है। यानी 9.6 फीसदी सीएजीआर (चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर) पर 108.6 फीसदी की वृद्धि। यह उच्च वृद्धि सदी में एक बार आने वाली महामारी से उपजी मंदी के प्रभाव के बावजूद है, जब पूर्ण लॉकडाउन लगाया गया और वैश्विक नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई।

इसी अवधि में प्रति व्यक्ति जीडीपी 80,388 रुपये से दोगुना बढ़कर 1,72,913 रुपये हो गया जो कि उल्लेखनीय वृद्धि है। यह उम्मीद की जा रही है कि वित्त वर्ष 2023 में जीडीपी का आकार 258 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा। भारत आज अपने पूर्व औपनिवेशिक शासक ब्रिटेन को पीछे छोड़कर दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इस अवधि में वृहद पैमाने पर रोजगार का भी सृजन हुआ, जैसा कि कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआई) और राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के आंकड़ों से अंदाजा लगाया जा सकता है।

सितंबर, 2017 से जून, 2022 के दौरान 5.6 करोड़ नए उपभोक्ता ईपीएफ से जुड़े हैं। इसी अवधि में ईएसआई से 6.9 करोड़ नए कर्मचारी जुड़े वहीं केंद्र सरकार, राज्य सरकार और कॉरपोरेट योजनाओं के जरिये 36.5 लाख कर्मचारी एनपीएस में शामिल हुए। सामाजिक सूचकांकों पर भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। भारतीय इतिहास में पहली बार, जैसा कि एनएफएचएस–5 (राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण) के सर्वे ने दिखाया है, महिलाओं ने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया है और अब प्रति हजार पुरुषों के पीछे 1,020 महिलाएं हैं।

इसी सर्वे ने दिखाया कि जन्म के समय लैंगिक अनुपात 2015–16 में 919 महिलाएं से बढ़कर 2019–21 में 929 महिलाएं प्रति हजार पुरुष हो गया है। इसी अवधि में शिशु मृत्यु दर प्रति हजार जन्म में 40.7 से गिरकर 35.2 हो गई। गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिससे मातृ मृत्यु दर 2014–16 में 130 से गिरकर 2017–19 में 103 रह गई है। लड़कियों और महिलाओं के कल्याण की ओर भारत अब पहले से अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है, नतीजतन 2021 में 13.74 करोड़ लड़कियों ने स्कूलों में दाखिला लिया, जो कि कुल पंजीयन का 52 फीसदी है।

इसी तरह से 1.88 करोड़ महिलाओं ने उच्च शिक्षा के लिए पंजीयन करवाया, जो कि कुल पंजीयन का 49 फीसदी है। उसी वर्ष उच्च शिक्षा में महिलाओं का सकल पंजीयन अनुपात (जीईआर) 27.3 फीसदी था, जो कि पुरुषों के 26.9 फीसदी जीईआर से अधिक है और उन्होंने 2018–19 में पहली बार पुरुषों के जीईआर को पीछे छोड़ा। स्वतंत्र भारत के इतिहास में किसी और प्रधानमंत्री ने नरेंद्र मोदी से ज्यादा वंचितों और गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। आंकड़े खुद बोलते हैं। सितंबर, 2022 के मध्य तक प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिये 25 लाख करोड़ रुपयों की मदद दी गई।

वंचित लाभार्थियों के बैंक खातों में बड़े पैमाने पर प्रसार करने के लिए प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों के उपयोग ने आय सहायता के वितरण में क्रांति ला दी है। 46 करोड़ ऐसे लाभार्थियों के पास अब जन–धन योजना के जरिये मोबाइल फोन से जुड़ा बैंक खाता है, जिनके पास पहले बैंक में कोई खाता नहीं था। 2014 के बाद से 2.5 करोड़ आवासों का निर्माण किया गया है, जिनमें से अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। 9.15 करोड़ घरों में अब नल का पानी आ रहा है, वहीं 11.6 करोड़ घरों में अब शौचालय है।

2014 में जहां 12 करोड़ रसोई गैस कनेक्शन थे, जो बढ़कर 2019 में 29 करोड़ हो गए और उनमें से भी 9.3 करोड़ का वितरण ग्रामीण महिलाओं में बिना किसी लागत के किया गया है, ताकि उनके फेफड़ों की रक्षा हो सके और वे धुएं के बिना खाना पका सकें। यही नहीं, 1.81 लाख ग्राम पंचायतें फाइबर ऑप्टिक केबल से जुड़ चुकी हैं। आधारभूत ढांचे में असाधारण निवेश किया गया है। अप्रैल, 2014 में जहां नेशनल हाई–वे की कुल लंबाई 91,287 किलोमीटर थी, जो दिसंबर, 2021 में बढ़कर 1,40,937 किलोमीटर हो गई।

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर नेटवर्क के विकास से माल की ढुलाई की गति में भारी वृद्धि होगी, जिससे यात्रियों के लिए मौजूदा रेलवे नेटवर्क मुक्त हो जाएगा। हवाई अड्डों की संख्या 2014 में 64 से बढ़कर 2022 में 118 हो गई है, 2025 तक 220 का लक्ष्य रखा गया है। भू–राजनीतिक व्यवस्था में भारत की स्थिति स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर है। 2014 में हमारा देश दसवीं बड़ी अर्थव्यवस्था था, जो कि 2022 में पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत क्वाड का एक अभिन्न सदस्य है, और विभिन्न वैश्विक साझेदारियों और मंचों के भीतर इसका प्रभाव बढ़ रहा है।

स्वदेशी रक्षा निर्माण पर गहन ध्यान देश के सहयोगियों के लिए एक मजबूत संकेत है कि आत्मनिर्भर भारत हमारे देश के ताने–बाने का अभिन्न हिस्सा है। सुधारों के दायरे ने चौंका दिया है। नोटबंदी ने काले धन से जुड़े वर्ग की कमर तोड़ दी है, और परिणामस्वरूप आयकर संग्रह में भारी वृद्धि हुई है। एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) ने अर्थव्यवस्था को 17 करों की जगह एक कर की व्यवस्था में बदल दिया है। प्राचीन काल में फोन बैंकिंग के कारण भारत का 15 लाख करोड़ रुपये का एनपीए संकट आखिरकार हल हो गया है।

नई दिल्ली में भ्रष्टाचार का खात्मा कर दिया गया है। भारत आज 17 सितंबर, 2022 को प्रधानमंत्री मोदी का 72वां जन्मदिन मना रहा है, ऐसे में उनके द्वारा किए गए सुधारों का जायजा लेना खुशी की बात है। उन्होंने मानव गतिविधि के सभी क्षेत्रों में मौलिक नेतृत्व का प्रदर्शन किया है और एक अनुकरणीय प्रधानमंत्री के रूप में काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की असाधारण उपलब्धियां भारत के लोगों के प्रति उनके समर्पण की गवाही देती हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## फिल्म थैंक गॉड हिन्दू धर्म का अपमान–अतुल सक्सेना

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (उ0प्र0) के कार्यवाहक अध्यक्ष पश्चिम संभाग अतुल सक्सेना ने थैंक गॉड फिल्म में आराध्य भगवान चित्रगुप्त जी के पात्र को अभिनेता अजय देवगन ने जिस प्रकार से अभिनीत कर फिल्मांकन किया गया है जो कि घोर आपत्तिजनक है। भगवान चित्रगुप्त जी का अपमान पूरे हिन्दू समाज का अपमान है। सम्पूर्ण चराचर जगत के रचयिता परमपिता ब्रह्मा जी की काया से उत्पन्न बुद्धि विवेक और ज्ञान के प्रदाता सबके कर्मों का लेखा जोखा रखने वाले कायस्थों के इष्ट देवता चित्रगुप्त व सम्पूर्ण हिन्दू समाज के साथ विशेषकर कायस्थ समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है। सम्पूर्ण हिंदू समाज स्वयं को घोर अपमानित महसूस कर रहा है। इस संदर्भ में धार्मिक भावना भड़काकर जातिगत व धार्मिक विद्वेष पैदाकर क्षेत्र की शांति व्यवस्था को प्रभावित करने के उद्देश्य से बनाई गई इस फिल्म से जुड़े लोगों के खिलाफ प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों के प्रकाश में भारतीय दण्ड विधान की धारा 295 ।, 298, 294, 120 ठ व 153 । में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किये जाने हेतु शाहजहांपुर सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को दी गई तहरीर में संस्था पदाधिकारी अतुल सक्सेना ने कार्यवाही की मांग की है।और थैंक गॉड फिल्म का बहिष्कार करने की हिन्दुओं से अपील की है साथ ही उन्होंने कहा कि





थैंक गॉड फिल्म में जिस प्रकार से भगवान चित्रगुप्त जी को मजाकिया किरदार एवं अशोभनीय डायलॉग के साथ दर्शाया गया है वह किसी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। इस अवसर पर सरोज कुमार श्रीवास्तव,महेश सक्सेना, संजीव सक्सेना,देश दीपक, अपूर्व सक्सेना,मनोज श्रीवास्तव,गजेंद्र नाथ,अनमोल, संजय सक्सेना, मनोज सक्सेना,अनिल, बृजेश,हरिओम, व प्रमोद मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## मानव एवं समाज सेवा को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक लोग रक्तदान करें –जेपीएस राठौर

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़ा के तहत स्थानीय श्रीशचन्द्र बारात घर में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन सहकारिता मंत्री उ0प्र0 श्री जेपीएस राठौर ने फीता काट कर किया तथा रक्तदान करने वाले भाजमुयो के कार्यकर्ताओ को पुष्प गुच्छ देकर उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर मा0 मंत्री जी ने का कि मा0 प्रधानमंत्री जी की मंशा है कि देश में किसी भी व्यक्ति की मृत्यु खून की कमी से न हो इसलिए समाज के सभी वर्ग के लोग मानव सेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक रक्तदान करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश कुमार, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजेश कुमार तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट डा0 सदानन्द गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे। इसके उपरान्त मा0 मंत्री जी ने 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2022 तक मा0 प्रधानमंत्री जी के जीवन व्यक्त्वि पर आधारित गांधी भवन हाल में नगर पालिका की ओर से लगायी गयी



प्रर्दशनी का शुभारम्भ फीताकाट कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया तथा भाजपा जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, नगर मजिस्ट्रेट डा0 सदानन्द गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी संतोषक कुमार सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके बाद मा0 मंत्री जी ने स्थानीय निरीक्षण भवन में सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ विभाग के कार्यो की समीक्षा की तथा कार्यो में पूर्ण पारदर्शिता बनाये रखने के निर्देश दिये।

## पीएम के जन्मदिन पर दुग्धाभिषेक : नमो घाट पर केक काटकर मनाया गया बर्थडे

वाराणसी ब्यूरो : देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज 72वां जन्मदिन है। एक ओर पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 72वां जन्मदिन मना रहा है वहीं उनके लोकसभा क्षेत्र वाराणसी में 72 वैदिक बटुकों ने गंगा में दुग्धाभिषेक किया। भाजपा महानगर कार्यसमिति सदस्य पवन शुक्ला के नेतृत्व में अहिल्याबाई घाट पर विप्र समाज व भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर दक्षिणी के विधायक व पूर्व राज्यमंत्री डा. नीलकंठ तिवारी के मुख्य आतिथ्य में 51 लीटर दूध व केशर जल से नरेंद्र मोदी के दीर्घायुस्व की कामना से अभिषेक किया। प्रारम्भ में वैदिक पंडित उदित नारायण मिश्र के आचार्यत्व में षोडशोपचार पूजन किया। इसके पश्चात वैदिक सूक्त के मंत्रों से केशर जल व दूध से अभिषेक किया। इस अवसर पर डा.नीलकंठ तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी की आस्था सदैव से गंगा में रही है और इसी वजह से नमामि गंगे की स्थापना की गयी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशाल औढ़ेकर ने किया। शामिल प्रमुख लोगों में रमेश तिवारी,विजय द्विवेदी,प्रकाश गुप्ता,डा.नीरज पाण्डेय,संदीप चतुर्वेदी,मृदुल शास्त्री, शामिल थे। वहीं, शनिवार को नमामि गङ्गे के तत्वावधान में नमो घाट पर पीएम मोदी का 72वां जन्मदिन मनाया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने बधाई हो बधाई हो पीएम मोदी को बधाई, हर हर महादेव का उद्घोष कर जन्मोत्सव मनाया। हाथों में मोदी के चित्र लेकर केक काटकर, एक दूसरे को



लड्डू खिलाकर बधाई दी। मां गंगा को वस्त्र समर्पित कर मोदी के दीर्घायु की कामना की। महानगर सहसंयोजक शिवम अग्रहरि ने बताया कि, काशी के सांसद व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काशी व काशीवासियों से विशेष लगाव है। विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन एक ही दिन है। दोनों ही कुशल शिल्पकार हैं। वर्तमान राजनीति में मोदी सशक्त भारत, आत्मनिर्भर भारत, नवीन भारत के शिल्पकार हैं। कहा कि प्रधानमंत्री को स्वच्छता रूपी उपहार देने के लिए हम सभी निरंतर प्रयासरत हैं।उक्त अवसर पर नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक उज्ज्वल वर्मा, महानगर सहसंयोजक रामप्रकाश जायसवाल, अभय स्वाभिमानी, रेखा विश्वकर्मा, शिवांगी पांडेय, रेनू जायसवाल जय विश्वकर्मा, आकाश शाह, उपेंद्र जायसवाल, सतीश वर्मा आदि उपस्थित रहें।

## विश्वविद्यालय के खेल मैदान को बना दिया खेत : राजभवन तक पहुंची शिकायत

वाराणसी ब्यूरो : संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के खेल मैदान को खेल से अलग आयोजन के लिए आवंटन पर विवाद खड़ा हो गया है। अध्यापक परिषद ने इस मामले की शिकायत राजभवन से की है। शिकायत में कहा गया है कि खेल मैदान अब पूरी तरह से खेत में तब्दील हो चुका है। स्थिति ऐसी है कि खिलाड़ी तो छोड़िए नियमित रूप से टहलने वाले भी खेल मैदान में जाने से पहले सौ बार सोचेंगे। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को लिखे गए पत्र में अध्यापक परिषद ने लिखा है कि विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अधिनियम परिनियम की अवहेलना करते हुए व्यक्तिगत लाभ की भावना से भ्रष्टाचार एवं आर्थिक कदाचार में लिप्त होकर कार्यों को संचालित किया जा रहा है। नियमानुसार स्टेडियम के आवंटन में 22 लाख रुपये की आय होनी चाहिए थी, लेकिन जीएसटी सहित मात्र छह लाख रुपये में मैदान को आवंटित कर दिया गया है। आवंटन 11 सितंबर से 17 सितंबर है जबकि एक सितंबर से ही क्रीड़ा प्रांगण में पंडाल निर्माण का काम चल रहा है। परिषद का कहना है कि खेल मैदान में चल रही भागवत कथा के कारण पूरे विश्वविद्यालय परिसर की हालत खराब हो चुकी है। भारी–भारी वाहनों का स्टेडियम में प्रवेश होने से क्रिकेट पिच के साथ ही वॉलीबाल कोर्ट भी खराब हो चुका है। इसके साथ ही रनिंग ट्रैक भी



पूरी तरह से नदारद हो गया है। मैदान में जगह–जगह कीचड़ होने के कारण अब यह खेल मैदान कम खेत ज्यादा नजर आ रहा है। ये है नियम विश्वविद्यालय का खेल मैदान का किराया रोजाना डेढ़ लाख रुपये है तथा कार्यक्रम की तैयारी के लिए 50 हजार प्रतिदिन व कार्यक्रम अवधि में पार्किंग शुल्क के रूप में 25 हजार प्रतिदिन जीएसटी के साथ होता है। स्टेडियम को ठीन कराने में खर्च होंगे 25 लाख शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग के विभागाध्यक्ष लालजी मिश्र ने बताया कि 29 हजार वर्ग मीटर के स्टेडियम की हालत खराब हो चुकी है। आयोजकों ने भारी–भारी वाहनों से स्टेडियम की पिच व मैदान को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इसको दोबारा अपने पुराने स्वरूप में लाने के लिए 25 लाख रुपये से अधिक खर्च होने की संभावना है।

### विद्युत करंट लगने से लाइनमैन की मौत : भीड़ ने रोड जाम कर किया प्रदर्शन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : बिजली पोल पर चढ़ कर तार दुरुस्त कर रहा लाइनमैन अचानक विद्युत करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह धूं–धूं कर जलने लगा और उसकी वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। इस मंजर को अपनी आंखों से देखने वालों का कलेजा कांप गया। लापरवाही के चलते हुए इस हादसे से गुस्साई भीड़ ने बिलग्राम–कन्नौज रोड पर जाम लगा दिया। बिलग्राम कोतवाली के जलालपुर निवासी रामचरन पुत्र सुखवासी बिलग्राम पावर हाउस में बतौर लाइनमैन था। शनिवार को वह की गई शिकायत पर पावर हाउस से शट–डाउन ले कर बिजली के पोल पर चढ़ कर तार दुरुस्त कर रहा था। इसी बीच बिजली की सप्लाई शुरू हो गई। नतीजतन विद्युत करंट की चपेट में आते ही रामचरन धूं–धूं कर जलने लगा। यह देख कर वहां के लोगों में भगदड़ मच गई। जब तक कोई कुछ समझता, इससे पहले लाइनमैन रामचरन की दर्दनाक मौत हो चुकी थी। उसका जला हुआ शव काफी देर तक पोल पर लटकता रहा। लाइनमैन को जिंदा जलता हुआ देखने वालों का कलेजा कांप गया। उधर लाइनमैन के घर वालों को इसका पता हुआ, सभी बदहवास हो गए और रोते–बिलखते हुए दौड़ पड़े। इधर रामचरन की इस तरह हुई मौत को लेकर लोगों का कहना था कि हुआ हादसा पावर हाउस की लापरवाही का नतीजा है।इसी आरोप के चलते वहां इकट्ठा हुई भीड़ में गुस्सा पनप गया और सभी ने बिलग्राम–कन्नौज रोड पर जाम लगा दिया। इसका पता होते ही इलाकाई पुलिस के हाथ–पांव फूल गए। आनन–फानन में वहां पहुंची पुलिस जाम खुलवाने की मशक्कत करने लगी। पुलिस ने गुस्साई भीड़ को भरोसा दिलाया कि उनके साथ न्याय किया जाएगा। इसके लिए जो भी जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## काशी विश्वनाथ मंदिर के तीन लिपिक भ्रष्टाचार में लिप्त : मंडलायुक्त के निर्देश पर जिलाधिकारी करेंगे जांच

वाराणसी ब्यूरो : श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के तीन लिपिकों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतें मिली हैं। मंडलायुक्त ने इस मामले में डीएम को जांच अधिकारी नामित करते हुए स्वयं प्रकरण की जांच करने का निर्देश दिया है। तीनों लिपिकों पर भ्रष्टाचार के साथ ही पत्रावलियों में हेरफेर, वित्तीय अनियमितता और अपने कार्य में रुचि नहीं लेने की शिकायतें मिली थीं। मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने शुक्रवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास में काम करने वाले लिपिक अरुण कुमार मिश्र, कंप्यूटर सहायक शिवभूषण द्विवेदी और लिपिक संजय चतुर्वेदी के खिलाफ जांच का आदेश जारी कर दिया। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने इस मामले में आम जनता से भी अपील की है कि वह कैंप कार्यालय में संपर्क करके इस मामले से जुड़े साक्ष्य और जानकारियां दे सकते हैं। लिपिकों के खिलाफ मिलीं ये शिकायतें इसकी जानकारी मुख्य कार्यपालक अधिकारी को भी भेज दी गई है। तीनों लिपिकों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने, वित्तीय दायित्वों का नाजायज लाभ उठाकर धनराशि की हेराफेरी करना, महत्वपूर्ण पत्रावलियों को गायब करना, परिचित यजमानों को दर्शन कराना और कार्यालय समयावधि में मंदिर परिसर में उपस्थित रहकर लोगों को दर्शन कराने की शिकायतें मिली हैं। इसके अलावा तीनों पर मंदिर के बाहरी व्यक्तियों के नाम से मंदिर के कंप्यूटर पर शिकायतें टाइप करना और मंदिर व न्यास की प्रतिष्ठा के खिलाफ काम करने का भी आरोप है। बता



दें कि कंप्यूटर सहायक शिवभूषण द्विवेदी पर श्री काशी विश्वनाथ के नाम पर आने वाले मनीआर्डर में गड़बड़ी के आरोप में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने चौक थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद मंदिर प्रशासन ने इसको निलंबित कर दिया था और पुलिस भी उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। डीएम की अपील, उपलब्ध कराएं साक्ष्य जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने बताया कि तीनों कर्मचारियों के खिलाफ सार्वजनिक साक्ष्य संकलन करना आवश्यक है । इसलिए सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तीनों कर्मचारियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों से जुड़े कोई भी साक्ष्य देना चाहते हैं तो बंद लिफाफे में 23 सितंबर तक जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में दे सकते हैं। इसके अलावा मेल आईडी dmvar18@gmail.com पर मेल से भी जानकारी दे सकते हैं। यदि कोई मौखिक रूप से मिलकर साक्ष्य, सबूत अथवा महत्वपूर्ण जानकारी देना चाहते हैं तो जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में संपर्क करके उसे उपलब्ध करा सकता हैं।

## याकूब कुरैशी का फिर खंगाला गया रिकॉर्ड : पत्नी संजीदा को राहत : घर से हटेगी सील

मेरठ ब्यूरो : मेरठ में 2006 में डेनमार्क के कार्टूनिस्ट का सिर कलम करने वाले 51 करोड़ इनाम के तौर पर देने की घोषणा करने वाले पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी की घेराबंदी करने के लिए पुलिस ने पुराना रिकॉर्ड खंगाल लिया है। याकूब कुरैशी हजरत पैगंबर साहब का कार्टून बनाने वाले कार्टूनिस्ट पर इनाम बोला था। जिसका मुकदमा देहली गेट थाने में दर्ज हुआ था। आरोप है कि याकूब कुरैशी ने केस डायरी गायब करा दी। शुक्रवार देर रात सीओ कोतवाली अरविंद चौरसिया देहली गेट थाने में पहुंचे और याकूब कुरैशी के मुकदमे की फिर से जांच शुरू कराने के लिए पुराना रिकॉर्ड खंगाला। याकूब की पत्नी संजीदा को मिली राहत जिला जज रजत सिंह जैन की अदालत ने मीट फैक्टरी मामले में पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी की पत्नी संजीदा बेगम के मकानों से सील हटाने के आदेश दिए हैं। वहीं, मकानों में याकूब कुरैशी और उनके पुत्र फिरोज कुरैशी की चल संपत्तियों को कुर्क करने के आदेश दिए गए हैं। जिला जज की अदालत में सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल बख्शी ने अवगत कराया कि मकान नंबर 1113 और 1113ए, सराय बहलीम याकूब कुरैशी की पत्नी संजीदा बेगम के स्वामित्व के हैं और संजीदा बेगम जमानत पर हैं। पुलिस ने याकूब और उनके बेटे फिरोज कुरैशी के फरार होने के चलते संजीदा के मकानों को सील कर दिया। अवर न्यायालय ने पुलिस की कार्यवाही को गलत मानते हुए पूर्व में ही मकानों से सील हटाने के आदेश छह अगस्त को दिए थे। उन्होंने बताया कि अब सरकारी पक्ष की ओर से सील हटाने के आदेश को जिला जज की अदालत में चुनौती दी गई थी। जिला जज की अदालत ने सुनवाई के बाद दोनों मकानों से सील हटाने के पूर्व के आदेश को ही सही माना है। वहीं सीओ कोतवाली का कहना है कि कार्टूनिस्ट मामले में दोबारा से केस डायरी बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। जल्द ही इस मामले में भी चार्जशीट लगाकर शासन को रिपोर्ट भी भेजी जाएगी।

## हेरोइन के साथ मां और बेटे को पुलिस ने किया गिरफ्तार : 120 पुड़िया और पैसे बरामद

आजमगढ़ ब्यूरो : मुबारकपुर थाना क्षेत्र के मुहल्ला समौधी तिराहा के पास से शुक्रवार को पुलिस ने हेरोइन बेच रहे मां व बेटे को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से 21 ग्राम से अधिक हेरोइन व बिक्री के 5640 रुपये बरामद किए। मुबारकपुर चौकी इंचार्ज राजीव कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि समौधी की गली में एक महिला व पुरुष मादक पदार्थ बेच रहे हैं। सूचना पर चौकी इंचार्ज ने पुलिस कर्मियों के साथ घेराबंदी की। थोड़ी देर में एक महिला व पुरुष आते दिखाई दिए। शक के आधार पर पुलिस ने उन्हें रोक कर तलाशी ली। उनके पास से 120 पुड़िया हेरोइन व 5640 रुपये मिले। पूछताछ में महिला ने अपना नाम फूलमती बताया। दूसरे आरोपी संजय कुमार निवासी ग्राम बरहदपुर थाना कोतवाली मोहम्माबाद गोहना जनपद मऊ ने बताया कि वह फूलमती का पुत्र है। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया।

## थाना खेतासराय पुलिस द्वारा दो शातिर गोतस्करों की अपराध से अर्जित सम्पत्ति को धारा 14(1) गैगेस्टर एक्ट के तहत किया गया कुर्क

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा गैंगेस्टर एक्ट के तहत सम्पत्ति की जब्तीकरण हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में डॉ संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर व श्री अंकित कुमार क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खेतासराय यजुवेंद्र कुमार सिंह द्वारा क्रमशः मु0अ0सं0–37/2021 व मु0अ0स0–145/2022 धारा–3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधि0 में शातिर गोतस्कर अभियुक्त गण 1. दिलशाद पुत्र स्व0 मुस्लिम 2. आजाद पुत्र स्व0 मुस्लिम नि0 गण रानीमऊ थाना खेतासराय जनपद जौनपुर पुलिस द्वारा अपराध से अर्जित सम्पत्ति क्रमशः अभियुक्त 1. दिलशाद द्वारा खरीदी गई मार्शल UP 32 BG 0642 व मो0सा0 UP 62 N 1432 (अनुमानित कीमत 650000) 2. आजाद द्वारा खरीदी गई बोलेरो UP62 AU 1156 व ट्रैक्टर UP 62 BB 2047 एवं मो0सा0 UP 62 AC 9412(अनुमानित कीमत 1760000 रूपये ) कुल टोटल 2410000 हजार रुपए (24 लाख 10 हजार) को धारा 14(1) गैगेस्टर एक्ट के तहत माननीय न्याया0 जिला मजिस्ट्रेट जौनपुर के आदेश संख्या 769/रीडर जौनपुर दिनांक–13.09.2022 के क्रम में उक्त संपत्ति को जब्त किया गया। अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास– 1.दिलशाद पुत्र स्व0 मुस्लिम निवासी रानी मऊ थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 1. मु0अ0सं0–1528/2017 धारा–3/5A/8 उ0 प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 307 419 420 467 468 471 427 भा0 द0 वि0 थाना शाहगंज जौनपुर। 2. मु0अ0सं0–1871/2017 धारा–3/5/8 उ0 प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना खेतासराय जौनपुर। 3.मु0अ0सं0–151/



2020 धारा–3/5/8 उ0 प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना खेतासराय जौनपुर। 4.मु0अ0 सं0–58/ 2022 धारा–3/5A/8 उ0 प्र0 गोवध निवारण अधिनियम थाना खेतासराय जौनपुर। 5.मु0अ0 सं0–105/ 2022 धारा–3/ 25 आर्म्स थाना खेतासराय जौनपुर। 6. मु0अ0 सं0–74/ 2022 धारा–147 323 504 427 भा0द0वि0 थाना खेतासराय जौनपुर। 7.मु0अ0 सं0–531/ 2017 धारा–147 148 149 307 323 352 506 भा0द0वि0 व 7 CLA ACT थाना खेतासराय जौनपुर। 8.मु0अ0 सं0–93/ 2021 धारा–406 भा0 द0 वि0 थाना खेतासराय जौनपुर। 9.मु0अ0 सं0–37/ 2021 धारा–3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर थाना खेतासराय जौनपुर। 2.आजाद पुत्र स्व0 मुस्लिम निवासी रानी मऊ थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 1.मु0अ0स0–109/2022 धारा–3/5/8 उ0 प्र0 गोवध निवारण अधिनियम थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0सं0–525 /2010 धारा–379 भा0द0वि0 व 4/10 वन संरक्षण अधिनियम 1980 थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 3.मु0अ0स0–145/2022 धारा–3(1) उ0 प्र0 गैंगस्टर एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 4. मु0अ0सं0–761/2011 धारा–110ळ थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजयुमो करेगा 1000 युनिट रक्तदानः दिव्यांशु सिंह



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 17 सितम्बर को भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर प्रत्येक वर्ष सेवा पखवाड़ा के रूप में विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन भाजपा करता आया है, उसी क्रम में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 17 सितम्बर को रक्तदान का अयोजन करने जा रहा है। भाजयुमो जौनपुर के जिलाध्यक्ष श्री दिव्यांशू सिंह ने बताया की भाजयुमो कार्यकर्ता मण्डल स्तर पर इस महा अभियान का आयोजन कर रहे हैं। और इस महा रक्तदान अभियान में आरणीय मोदी जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा श्री जेपी नड्डा जी व भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री तेजस्वी सूर्या जी के वजन के बराबर रक्तदान करेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश नेतृत्व के द्वारा विधानसभा स्तर पर संयोजक नियुक्त किया गया है. साथ ही साथ प्रत्येक कैम्प में जन प्रतिनिधि व भाजपा संगठन के पदाधिकारी सामिल होंगे। कुल 9 कैम्प लगाकर रक्तदान का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। जिला अस्पताल ब्लड बैंक के कैम्प में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिश चन्द्र यादव, आई. एम. ए. ब्लड बैंक के कैम्प में सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिशु, अनीता बल्ड बैंक व आर. के. ब्लड बैंक शाहगंज में भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, कृति हास्पिटल बदलापुर में पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महाराजगंज बदलापुर में विधायक रमेश चन्द्र मिश्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुंगराबादशाहपुर में राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कुलपति श्रीमती निर्मला मौर्य, मोहम्मद हसन डिग्री कालेज में अब्दुल कादिर उपस्थित रहेंगे।

## ब्लॉक प्रमुख के लिए भाजपा–अपना दल आमने सामने : सदस्यों को खेमे में लाने की तैयारी

प्रयागराज ब्यूरो : प्रदेश में योगी सरकार को अभी छह महीने पूरे ही हुए हैं कि ब्लॉक प्रमुखों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। खास यह कि अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बहरिया में भाजपा के बीच ही खेमेबाजी शुरू हो गई है। वहीं सैदाबाद में भाजपा और सरकार में सहयोगी अपना दल एस आमने–सामने आ गए हैं। भाजपा समर्थित क्षेत्र पंचायत सदस्य विश्व गौरव सिंह ने डीएम संजय कुमार खत्री के समक्ष शुक्रवार को सैदाबाद के ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह पटेल के खिलाफ अविश्वास प्रस्तुत किया। समर्थन में उन्होंने डीएम के सामने 90 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के हस्ताक्षर वाली सूची भी प्रस्तुत की। अपना दल एस के राजेंद्र पटेल और विश्व गौरव पूर्व में हुए चुनाव में भी आमने–सामने थे। उस समय भाजपा ने अपना प्रत्याशी न उतारकर राजेंद्र का समर्थन किया था। इसके बावजूद विश्व गौरव ने चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। अब उन्होंने राजेंद्र के खिलाफ अविश्वास लाया है। विश्व गौरव का कहना है कि ज्यादातर सदस्य राजेंद्र के खिलाफ हैं। उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में हलफनामा भी दिया है। इसके विपरीत ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र पटेल का कहना है कि गौरव ने 84 सदस्यों का ही हलफनामा दिया है। इसके अलावा उनमें भी कई के फर्जी हस्ताक्षर हैं। उनका दावा है कि तीन सदस्य तो इस समय दुबई में हैं। उनके हस्ताक्षर से भी हलफनामा बनाया गया है। राजेंद्र का कहना है कि जिन सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर बनाए गए हैं, उनसे संपर्क किया गया है। उन सभी सदस्यों को लेकर शनिवार को वह डीएम से मिलेंगे। राजेंद्र का कहना है कि इस पूरी घटनाक्रम से वह अपना दल एस के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को अवगत कराएंगे। जल्द ही दोनों दलों के नेताओं से संपर्क किया जाएगा। डीएम संजय कुमार खत्री का कहना है कि सैदाबाद ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव मिला है। सदस्यों के हस्ताक्षर का मिलान कराके आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बहरिया में भाजपा नेताओं के बीच ही खींचतान बहरिया में ब्लॉक प्रमुखी लेकर भाजपा नेताओं के बीच तलवार खींच गई है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा से पहले ही योगेश पांडेय ने ब्लॉक प्रमुख पद से इस्तीफा दे दिया, जिसे स्वीकार भी कर लिया गया। हालांकि, दोबारा चुनाव में उन्होंने पूरे




दमखम से दावेदारी की बात कही है। योगेश का परिवार भाजपा से लंबे समय से जुड़ा रहा है। भाई कुलदीप पांडेय बहरिया के ब्लॉक प्रमुख रह चुके हैं। हालांकि, कुलदीप ने निर्दलीय चुनाव जीता था। पिछले चुनाव में कुलदीप के भाई योगेश पांडेय ने भाजपा के समर्थन से दावेदारी की मांग की लेकिन पार्टी ने कुछ समय पहले ही भाजपा में आए शशांक मिश्रा को प्रत्याशी बनाया। इसके बाद योगेश ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीत गए। भाजपा में भी योगेश को स्वीकार कर लिया गया। इसी दौरान बदलते समीकरण के बीच शशांक ने योगेश के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया। शशांक भाजपा गंगापार इकाई में पदाधिकारी हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि पार्टी के स्थानीय नेताओं का उन्हें समर्थन प्राप्त है। इस खींचतान के बीच शुक्रवार को होने वाले अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा से पहले ही शशांक ने इस्तीफा दे दिया। जानकारों का कहना है कि चूंकि अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाता तो वह अगला चुनाव नहीं लड़ पाते। इसलिए उन्होंने यह रास्ता अपनाया। योगेश का कहना है कि चुनाव में वह पूरी ताकत से उतरेंगे। वहीं बड़े भाई कुलदीप का कहना है कि उनका पूरा परिवार लंबे समय से भाजपा से जुड़ा रहा है। आगे भी वह पार्टी का काम करते रहेंगे। अब पार्टी को निर्णय लेना होगा कि ब्लॉक में क्या होना चाहिए। वहीं शशांक ने योगेश पर कई तरह के आरोप लगाते हुए सदस्यों का समर्थन प्राप्त होने की बात कही। दोनों नेताओं के इस दावेदारी के बीच पार्टी में खेमेबाजी भी शुरू हो गई। यह खेमेबाजी अब सोशल मीडिया पर दिखने भी लगी है। छह महीने के भीतर होगा चुनाव बहरिया के ब्लॉक प्रमुख योगेश पांडेय के इस्तीफे के बाद यह पद खाली हो गया है। इस पर छह महीने के भीतर चुनाव कराना होगा। डीपीआरओ आलोक कुमार सिन्हा का कहना है कि पंचायती राज विभाग को रिपोर्ट भेजी जाएगी। चुनाव की तारीख वहीं से घोषित की जाएगी।

## थाना बदलापुर पुलिस द्वारा 1.200 किलो नाजायज गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम व संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस



अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर के पर्वेक्षण थाना बदलापुर पुलिस टीम द्वारा ग्राम चंदापुर गौरीशंकर मंदिर के सरायगुंजा जाने वाले मोड़ पर आने जाने वाले संदिग्धो की चेकिंग की जा रही थी कि विकास गिरी पुत्र लालबहादुर गिरी ग्राम कमालपुर थाना बदलापुर जौनपुर के कब्जे से 1200 ग्राम गांजा के साथ अंतगर्त धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1–विकास गिरी पुत्र लालबहादुर गिरी उम्र करीब 19 वर्ष ग्राम कमालपुर थाना बदलापुर जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1–मो0 सैफ थाना बदलापुर, जौनपुर। 2–हे0का0 सतीश कुशवाहा थाना बदलापुर, जौनपुर। 3–का0 विनोद कुमार थाना बदलापुर, जौनपुर।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाया गया वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी का अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराध/अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, श्री अजय साहनी के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान चलाया गया, जिसके अन्तर्गत समस्त क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में जनपद के थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 02 वांछित व 03 वांरटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसका थानावार विवरण निम्न है–

थाना बक्सा

थाना बक्सा पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0–297/22 धारा–376/506 भादवि व = पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित दुष्कर्म का अभियुक्त मनीष कुमार प्रजापति पुत्र रामधनी प्रजापति निवासी ग्राम केवटलीकला थाना बक्सा जनपद जौनपुर कही जाने कि फिराक में नौपैड़वा हाइवे मोड़ पर खड़ा था। जिसे दबिस देकर मौके पर थानाध्यक्ष द्वारा अपने हमराह कर्म0गण के साथ हिरासत पुलिस में लिया गया। विधिक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया।

थाना सरपतहां

1.थाना सरपतहां पुलिस टीम द्वारा मु0नं0–271/20 धारा–323/504 भादवि थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर से सम्बन्धित दो नफर वारण्टी/वाछिंत अभियुक्तगण क्रमशः 1. विनोद कुमार सिंह पुत्र प्रसिंद्द नारायण सिंह 2. कमलेश उर्फ सुरजा पत्नी विनोद सिह निवासीगण छितमपट्टी थाना सरपतहा जौनपुर को विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर छीतमपट्टी से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय जौनपुर भेजा गया। 2.मु0अ0सं0–216/2022 धारा– 363/ 366 भादवि थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर से सम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त शिवा पुत्र रामआशीष ग्राम मनवल थाना सरपतहां जनपद जौनपुर को विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर ईशापुर से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय जौनपुर भेजा गया। थाना पवारा

थाना पवारा पुलिस टीम द्वारा मु0नं0–241/20 धारा–279/337/338/427 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त भल्लू सरोज पुत्र पुतुल सरोज नि0 रज्जूपुर थाना–पवारा जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## गमगीन माहौल में शीराजे हिन्द का ऐतिहासिक चेहलुम सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शीराजे हिन्द जौनपुर का एतिहासिक चेहलुम शनिवार हो गमगीन माहौल में शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। इमाम बारगाह शेख मुहम्मद इस्लाम से उठा जुलूस देर रात सदर इमाम बारगाह पहुँचा जहाँ या हुसैन अलविदा की सदा के साथ नम आँखों



से सभी ताजिये एवं तुर्बत सुपुर्दे खाक किये गये। कार्यक्रम का आरम्भ शुक्रवार को 8 बजे रात में इमाम चौक पर ताजिया रखने से हुआ। तत्पश्चात शब्बेदारी के आयोजनार्थ एक मजलिस हुई. जिसकी समाप्ति पर जौनपुर नगर एवं बाहर से आयी अंजुमनों ने नौहा व मातम अनवरत रूप से रातभर किया गया। प्रातः 5 बजे एक मजलिस हुयी, जिसके बाद आग में दहकती जंजीरों का मातम अंजुमन गुलशने इस्लाम रजिस्टर्ड ने किया इस कार्यक्रम का संचालन सैय्यद अकबर हुसैन जैदी एडवोकेट ने किया। दूसरे दिन शनिवार को कार्यक्रम का आरम्भ 1 बजे दिन मजलिस से हुआ , जिसको मौलाना सैय्यद नदीम जैदी फैजाबादी ने सम्बोधित किया। मजलिस की समाप्ति पर इमामबाड़े से एक ऐतिहासिक तुर्बत निकाली गयी जो ताजिये के साथ एक जुलूस के रूप में अपने निर्धारित रास्तों पानदरीबा रोड, हमाम दरवाजा, काजी की गली, पुरानीबाजार होता हुये सदर इमामबाडा जौनपुर पर समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन सैयफ कबीर जैदी ने किया। इस ऐतिहासिक चेहलुम को पूरे देश में मनाये जाने वाले चेहलुम से एक दिन पूर्व मनाया जाता है। इसके इतिहास को देखते हुए देश के विभिन्न हिस्सो से हजारो की तादाद में जायरीन शिरकत के लिए पहुँचते हैं। उल्लेखनीय है कि इस इमाम बारगाह एवं जुलूस के बानी शेख मुहम्मद इस्लाम मरहूम किसी मामले में गलत ढंग से फंसा दिये गये और उन्हें जेल हो गयी तो उनके द्वारा जो ताजिया 7 मोहर्रम को रखा जाता था, उसको उनके द्वारा जेल से छूटने पर उठाने की खबर दी गयी। इधर चेहलुम करीब आया तो उनको ख्वाब में देखा कि मुझे रिहा कर दिया गया है। चमत्कारिक तरीके से उन्हें जिस दिन रिहा किया गया, वह 18 सफर थी। जेल से छूटने के उनके द्वारा रातभर मजलिस मातम करके दूसरे दिन 19 सफर को ताजिया को उठाया गया, जिसे उस वक्त के काजी के अनुरोध पर काजी की गली से होते हुए सदर इमाम बारगाह पर दफन किया गया। इस इमामबारगाह एवं चेहलुम का इंतेजाम एवं देखरेख मीर मुजफ्फर हुसैन जैदी के खानदान के लोग करते है। इस ऐतिहासिक चेहलुम को शान्तिपूर्ण ढंग से मनाये जाने पर हाजी सैय्यद असगर हुसैन जैदी मुतवल्ली, सैय्यद कबीर जैदी, सैय्यद जाफर जैदी, सैय्यद जमीर जैदी, सैय्यद जफर जैदी, सैय्यद अकबर हुसैन जैदी एडवोकेट एवं कार्यकारी मुतवल्ली सैय्यद लाडले जैदी ने प्रशासन का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया है।

## नवंबर में नहीं हो सकेगा डिप्लोमा फार्मेसी छात्रों के लिए होने वाला एग्जिट एग्जामिनेशन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डिप्लोमा फार्मेसी उत्तीर्ण छात्रों के लिए पंजीकरण से पूर्व एग्जिट एग्जामिनेशन की व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने जा रहा है,डिप्लोमा इन फार्मेसी एग्जिट एग्जामिनेशन रेगुलेशन 2022 की धारा 6 में बदलाव का प्रस्ताव फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विचार हेतु भेजा गया है । इस प्रकार नवंबर से प्रस्तावित एग्जिट एग्जामिनेशन अब कुछ दिनों तक और टल गया है । ज्ञातव्य है कि डिप्लोमा इन फार्मेसी उत्तीर्ण छात्रों को पंजीकरण के पूर्व एक एग्जिट एग्जामिनेशन देना आवश्यक हो गया है । यह परीक्षा नवंबर से प्रारंभ होने वाली थी, जिसमें कुल 3 पेपर होने थे । फार्मेसी काउंसिल ने छात्रों पर आर्थिक व एवं बड़े प्रशासनिक कठिनाइयों को देखते हुए इसमें संशोधन का प्रस्ताव रखा है उक्त आशय की जानकारी देते हुए फार्मेसिस्ट फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं स्टेट फार्मेसी कौंसिल के पूर्व चेयरमैन सुनील यादव ने बताया कि फार्मेसी काउंसिल की 371वीं एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक 8 अगस्त 2022 को संपन्न हुई, जिसमें रेगुलेशन में बदलाव करने का निर्णय लिया गया । बदलाव के अनुसार अब एग्जिट एग्जामिनेशन में तीन पेपर की जगह केवल एक ही पेपर होगा जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे । फार्मास्यूटिक्स, फार्माकोलॉजी, फार्माकोग्नोसी, फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री,बायो केमिस्ट्री, हॉस्पिटल एंड क्लिनिकल फार्मेसी, फार्मास्यूटिकल जूरिप्रूडेंस, ड्रग स्टोर मैनेजमेंट विषयों से प्रश्न बनाए जाएंगे जो अंग्रेजी में होंगे और प्रश्न पत्र का समय 3:30 घंटे का होगा, छात्रों को 50: अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा । छात्रों के लिए एग्जिट एग्जामिनेशन में सम्मिलित होने की कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी । काउंसिल का कहना है कि लगभग दो लाख अभ्यर्थियों को लगातार तीन दिन तक परीक्षा दिलाना बड़ा प्रशासनिक चौलेंज होगा और छात्रों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा इसलिए यह संशोधन प्रस्ताव दिया गया है । प्रस्ताव पर 3 महीने में विचार आमंत्रित किए गए हैं, जिसके उपरांत फार्मेसी एक्ट 1948 के सबसेक्शन 3, सेक्शन 10 के अंतर्गत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सुनील यादव ने कहा है कि इस बदलाव से छात्रों पर मानसिक और आर्थिक दबाव कम होगा अतः बदलाव स्वागत योग्य है।

## राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने जिला अस्पताल में महारक्तदान शिविर का किया उद्घाटन

जौनपुर सू.वि. : शासन के निर्देश पर जनपद के कुल 10 रक्तदान केंद्रों पर महारक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिला पुरुष चिकित्सालय, आईएमए चौरिटेबल ब्लड बैंक आईएमए भवन, श्रीराम मेमोरियल ब्लड एंड कम्पोनेन्ट सेंटर के सहयोग से सीएचसी मड़ियाहूं एवं सीएचसी सतहरिया, आरके हास्पिटल ब्लड एंड कम्पोनेन्ट सेंटर के सहयोग से सीएचसी महराजगंज, अनीता हास्पिटल एंड लैप्रोस्कोपिक सेंटर शाहगंज के सहयोग से उनके स्वयं के सेंटर पर, कृति हास्पिटल बदलापुर, ईशा हास्पिटल जौनपुर के ब्लड बैंक, कृष्णा हार्ट केयर एंड मैटर्निटी होम के ब्लड बैंक केंद्रों पर महारक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय में प्रातः 10 बजे राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव ने फीता काट कर महारक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के साथ ही बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह, जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ एके शर्मा, रक्तदान शिविर के नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार सिंह, ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की अध्यक्ष डॉ अंजू सिंह, अपर निदेशक वाराणसी डॉ अंशू सिंह, रेडक्रास सोसायटी के सचिव डॉ मनोज वत्स, जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक के पैथोलाजिस्ट डॉ श्यानदास, जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) सलिल यादव सहित बड़ी संख्या में रक्तदान करने वाले लोग उपस्थित रहे। इसी तरह से विधान परिषद सदस्य बृजेश कुमार सिंह प्रिंशू के नेतृत्व में आईएमए हाल में, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी के नेतृत्व में सीएचसी सतहरिया रक्तदान केंद्र पर तथा बदलापुर के विधायक रमेश मिश्रा के नेतृत्व में सीएचसी महराजगंज के ब्लड बैंक केंद्र पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। भाजपा के पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कृति हास्पिटल बदलापुर के ब्लड बैंक केंद्र पर, आरके हास्पिटल शाहगंज में भाजपा के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं तथा आम लोगों ने रक्तदान किया। इस महारक्तदान शिविर के माध्यम से दो बजे तक लगभग 320 यूनिट ब्लड का संग्रह किया जा चुका था। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) महराजगंज ने 20 यूनिट, जिला अस्पताल के ब्लड बैंक ने 38 यूनिट, सीएचसी मड़ियाहूं ने 125 यूनिट, सीएचसी सतहरिया ने 24 यूनिट, अनीता हास्पिटल शाहगंज ने 16 यूनिट, कृति हास्पिटल बदलापुर ने 11 यूनिट, कृष्णा हार्ट केयर ने 10 यूनिट, आईएमए भवन ने 26 यूनिट और मेडिकल कॉलेज जौनपुर ने 25 यूनिट का सहयोग करने की सूचना है।

## आर्बिट्रेशन निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु आयोजित हुई विशेष लोक अदालत

जौनपुर सू.वि. : माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं कुशल निर्देशन में जनपद न्यायालय परिसर, जौनपुर में 17 सितम्बर 2022 को आर्बिट्रेशन विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण उपस्थित रहे। विशेष लोक अदालत में जनपद न्यायालय के सत्र न्यायाधीशगण द्वारा कुल 193 आर्बिट्रेशन निष्पादन वाद नियत किए गए। न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जौनपुर द्वारा 01, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम द्वारा 03, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ/विशेष न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट द्वारा 01 वादों सहित कुल 05 मामलों का निस्तारण किया गया।

## भीषण बरसात से बचाव हेतु इंडियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा तारपोलिन व हाईजीनिक वितरित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भीषण बारिश से पीड़ित झोपड़पट्टियों में रहने वाले चयनित 60 गरीब परिवारों को इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, लखनऊ शाखा द्वारा सरकटा नाला एवं कंघी टोला, चौपटिया, कुड़िया घाट और मरी माता मंदिर, रस्तोगी घाट, पक्का पुल पर तारपोलिन के साथ हाइजीनिक किट का वितरण किया। हाइजीनिक किट में 5 नहाने का साबुन, 5 कपड़े धोने का साबुन, तेल, 4 टूथपेस्ट, 4 टूथ ब्रश, 2 शेविंग रेजर व 18 सैनिटरी नैपकिन तथा बारिश से बचाव हेतु तारपोलिन है।कार्यक्रम का शुभारंभ इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी लखनऊ शाखा के सचिव अमरनाथ मिश्र ने किया। इस अवसर पर नामित पार्षद अनुराग मिश्र ''अन्नू मिश्र'' के साथ इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य रूप कुमार शर्मा, ऋतुराज रस्तोगी, संजय त्रिवेदी, डॉक्टर उमंग खन्ना, संकेत मिश्रा, एजाज अहमद, सुनील कुमार शुक्ला, कृपा शंकर मिश्रा, ऋषि कुमार, मनोज वर्मा, कार्तिका माथुर, नंदिनी सिंह, मुस्कान चौरसिया, कुमार अभिषेक कुमार, कार्यालय सचिव शिवाकांत मिश्रा ने भी हाइजीनिक किट का वितरण किया। पात्र परिवारों का चयन नामित पार्षद तथा इंडियन रेडक्रॉस



सोसाइटी के सदस्य अनुराग मिश्र ''अन्नू मिश्र'' के द्वारा किया गया। इस अवसर पर इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी के सचिव अमरनाथ मिश्र ने बताया गया कि झोपड़पट्टियों में रहने वाले गरीब परिवारों को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के द्वारा जगह–जगह पर तारपोलिन तथा हाइजीनिक किट वितरित की जा रही है और आगे भी जरूरतमंद लोगों को कैंप लगाकर किट प्रदान की जाएगी।

## इनायतनगर में बीओबी की बिल्डिंग पर गिरी चिर्री : बाल–बाल बचे बैंक कर्मी : उपकरण ध्वस्त

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : बैंक ऑफ बड़ौदा मिल्कीपुर इनायतनगर शाखा के बिल्डिंग के ऊपर आकाशीय बिजली गिरने से बैंक में बिजली से संचालित सारे उपकरण ध्वस्त हो गए। हालांकि बैंक कर्मियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। बताया गया कि शुक्रवार को दोपहर करीब पांच बजे मिल्कीपुर क्षेत्र में जबरदस्त बारिश हो रही थी तभी तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आवाज सुनाई पड़ी। बीओबी मिल्कीपुर इनायतनगर के बैंक कैशियर प्रभाकर सिंह ने बताया कि बिजली गिरने के साथ ही बैंक के सारे सिस्टम आफ हो गए। बैंक के अंदर घोर अंधेरा छा गया। अचानक हुए इस वाकये से बैंक कर्मी किसी अनहोनी को लेकर सहम उठे। हालांकि बाद में पता चला कि बैंक के अंदर लगे विद्युत उपकरण एवं बाहर के जनरेटर को क्षति पहुंची है। श्री सिंह ने बताया कि बैंक की लाइट कट जाने की वजह से हम लोग कुमारगंज बैंक शाखा में जाकर डे क्लोजिंग किए। उन्होंने बताया कि इस हादसे में कोई कर्मचारी हताहत नहीं हुआ है। सभी बाल बाल बच गए हैं। बताया जा रहा है कि आकाशीय बिजली गिरने का केन्द्र बैंक आफ बड़ौदा की बिल्डिंग ही है।

## क्षतिग्रस्त सड़कों को लेकर दुर्गापूजा समितियों में आक्रोश

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : पूरे नगर में जिस तरह जल निगम द्वारा सीवर लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है और उससे जो सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं उन्हें शीघ्र न बनने के कारण आमजन को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। केंद्रीय समिति के कार्यालय सुभाष नगर मैं बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि महोत्सव शुरू होने में मात्र गिनती के दिन रह गए हैं जबकि पूरे जनपद में दशहरा व दुर्गा पूजा का उत्सव अपना आकार लेने लगेगा ऐसे में मेले के दौरान यदि किसी भी प्रकार की कोई घटना या दुर्घटना जल निगम के कार्यों के कारण होता है तो केंद्रीय समिति आन्दोलन को बाध्य होगी। यह निर्णय बीती रात केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति जनपद अयोध्या की एक महत्वपूर्ण बैठक मैं लेते हुए केंद्रीय समिति ने जिला प्रशासन से यह भी मांग किया है यथाशीघ्र पूरे महानगर के सड़कों को तत्काल रिपेयरिंग के माध्यम से ठीक करा लिया जाए जिससे श्रद्धालुओं में किसी भी प्रकार की कोई हानि ना हो, वहीं एक अन्य प्रस्ताव के माध्यम से नगर निगम अयोध्या से भी मांग किया गया कि अभी तक किसी भी रामलीला स्थल को ठीक नहीं कराया गया है, और ना ही किसी भी रामलीला समिति के नाव नेवरिया मार्ग को ही ठीक कराया गया है, वही पूरे नगर में जलभराव की स्थिति भी भयानक रूप ले चुकी है, ऐसे में काफी तत्परता के साथ नगर निगम को इन कार्यों को कराना होगा। जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि जिला प्रशासन एवं नगर प्रशासन के साथ विगत दिनों गणेश उत्सव और कृष्ण उत्सव को लेकर हुई बैठकों में इस बात की पुरजोर मांग की गई थी कि जल निगम द्वारा तोड़े गए सड़कों को यथाशीघ्र व्यवस्थित करा लिया जाएगा किंतु अत्यंत खेद का विषय है अभी तक जल निगम के कान पर जूं नहीं रेंगी है और उन्हीं अव्यवस्थाओं के बीच श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं श्री गणेश उत्सव का कार्य इसी तरह संपन्न हो गया है। बैठक का संचालन करते हुए केंद्रीय समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी केशव बिगुलर ने कहा इस तरह के मार्गों से जहां पर उत्सव के दौरान लगभग 8 से 10 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, वहीं मेले के दौरान श्रद्धालुओं के चोटिल होने की संभावनाएं ज्यादा रहेगी, ऐसे में उक्त सड़कों का तुरंत मरम्मत किया जाना नितांत आवश्यक है। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय समिति एवं पुलिस प्रशासन में समन्वय का कार्य कर रहे केंद्रीय समिति के जे. एन. चतुर्वेदी ने कहा कि जहां एक और बीते उत्सव में पुलिस प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा वही जल निगम के कृत्यों से हम सभी को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में प्रमुख रूप से शिव जी गौड़, गगन जयसवाल, तारकेश्वर शर्मा, मुरलीधर बत्रा, विवेक साहू, अतुल सिंह, अमित कनौजिया, अंकुश गुप्ता, अखिलेश पाठक, मुन्ना यादव, तरुण गुप्ता डंपी, रविंद्र यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अग्निशमन विभाग सहित शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास पूर्वक मनी शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : जिले शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास पूर्वक ढंग से सम्पन्न हुई।इस मौके पर शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी शनिवार को शिल्पकार विश्वकर्मा जी की जयंती शहर के साथ–साथ देहात क्षेत्रों में भी धूमधाम के साथ मनाई गई।इस मौके पर जहां एक ओर शहर में रोडवेज स्टेशन,रेलवे स्टेशन, बिजली सब स्टेशन,आईटीआई कॉलेज, पॉलिटेक्निक स्कूल, के साथ–साथ अन्य सरकारी ऐसे विभागों जहां पर बहुतायत मशीनों का उपयोग होता है वहां पर विधिवत वहां के कर्मियों द्वारा विधि विधान सहित भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना संपन्न हुई।वहीं इसी कड़ी में प्राइवेट संस्थान यानी कि दुकानदारों के साथ–साथ अन्य गैर सरकारी संगठन के लोगो ने अपने अपने प्रतिष्ठानों पर शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना किया।इसी कड़ी में पुलिस लाइन स्थित फायर विभाग के कर्मियों ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी अयोध्या राज किशोर राय के नेतृत्व में भगवान विश्वकर्मा की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई इस मौके पर मुख्य



अग्निशमन अधिकारी राज किशोर राय में अपने अधीनस्थ सभी फायर कर्मियों के साथ इस पूजन में सम्मिलित होकर भगवान विश्वकर्मा की पूजा विधि विधान सहित मनाए इस मौके पर सबसे पहले गणेश जी की बंदना से के बाद भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया गया इस मौके पर अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार पाण्डेय, हरेंद्र प्रसाद पटेल,राम प्रसाद पाण्डेय, हृदयनाथ विश्वकर्मा,पंच बहादुर सिंह,रंगी लाल, प्रदीप कुमार सिंह, बृजपाल, अवधेश सहित अनेक फायर विभाग के कर्मी मौजूद रहे।

## भावनपुर में पूर्व प्रधान के घर में घुसकर दबंगों ने की मारपीट : जमकर चले लाठी–डंडे : फायरिंग में दो घायल

मेरठ ब्यूरो : मेरठ के भावनपुर थानाक्षेत्र के औरंगाबाद गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने पूर्व प्रधान के घर मारपीट कर दी। मारपीट का विरोध करने पर आरोपियों ने तमंचे से फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली पूर्व प्रधान के बेटे के पैर में जा लगी। इससे वह घायल हो गया। बताया गया कि एक गोली दूसरे बेटे के पैर में भी लगी है। दोनों बेटों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पीड़ित परिवार ने एसएसपी ऑफिस में शिकायत कर इंसाफ की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई का आश्वान दिया है। जानकारी के अनुसार भावनपुर थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद निवासी मुनाफ पुत्र बाबू अब्दुल पुत्र बाबू वाहिद पुत्र फारुख का ग्राम प्रधान पति शहजाद एवं उसके परिवार के साथ बच्चों के विवाद को लेकर जमकर लाठी–डंडे चले। संघर्ष के दौरान मुनाफ पुत्र बाबू का आरोप है कि शहजाद प्रधान पति व उसके साथियों ने घेराबंदी करते हुए उनके घर में घुसकर मारपीट की। इस दौरान फायरिंग भी की गई, जिसमें मुनाफ पुत्र बाबू के पैर में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मारपीट के दौरान मुनाफ के साथ–साथ अब्दुल वहाब वाहिद व पप्पू दूसरे पक्ष के भी दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। इस संबंध में मुन्ना पुत्र बाबू अपने परिजनों के साथ घायल अवस्था में एसएसपी ऑफिस पहुंचा जहां पूरे मामले की जानकारी देते हुए एसएसपी से कार्रवाई की मांग की। मुनाफ पुत्र बाबू सहित उसके परिजन थाना भावनपुर पहुंचे आधा दर्जन लोगों के खिलाफ तहरीर देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। इस संबंध में भानपुरी इंस्पेक्टर नीरज मलिक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### दूसरे धर्म के युवक से शादी पर अड़ी बेटी की हत्या करके थाने पहुंचा पिता : पुलिस ने भेजा जेल

अलीगढ़ ब्यूरो : बरला (अलीगढ़ ) क्षेत्र के गांव नगला कस्साब में दूसरे धर्म के युवक से शादी की जिद पर अड़ी 16 साल की बेटी को उसी के पिता ने कनपटी पर गोली दागकर मार डाला। इसके बाद उसने खुद थाने पहुंचकर पुलिस को वारदात की जानकारी दी। पुलिस ने ग्राम प्रधान पति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी पिता को जेल भेज दिया है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार नगला कस्साब के 70 वर्षीय किसान के आठ बच्चे हैं। सबसे छोटी 16 वर्षीय बेटी डेढ़ माह पूर्व परिवार के विरोध के बावजूद पड़ोस के ही दूसरे धर्म के युवक संग चली गई थी। किसी तरह प्रयास कर परिवार बेटी को वापस ले आया। मामले में गांव पंचायत भी बैठी थी। दोनों को अपने अपने परिवार के साथ जाने का फैसला सुनाया गया। यह भी तय किया गया कि दोनों एक दूसरे से दूरी रखेंगे और परिवार भी इन पर ध्यान देंगे। मगर बेटी दूसरे धर्म के युवक संग प्रेम विवाह की जिद पर अड़ी रही। इसे लेकर घर में पिछले कई दिन से विवाद चल रहा था। बृहस्पतिवार रात इसी विवाद के दौरान अपना आपा खो बैठे पिता ने बेटी को गोली चलाकर मार डाला। खबर पर इंस्पेक्टर बरला के अलावा सीओ भी मौके पर पहुंचे। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस प्रकरण में ग्राम प्रधान पति दिनेश कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है जिसके आधार पर आरोपी पिता को जेल भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव रिश्तेदारों को सौंपा गया। –अभय कुमार पांडेय, सीओ बरला कनपटी से सटाकर मारी गोली इस घटना में पुलिस जब मौके पर पहुंची तो पाया कि गोली बेटी को कनपटी से सटाकर मारी गई है। पुलिस को भी थाने में आरोपी ने तमंचा बरामद कराया था। जांच में यह भी पाया कि एक ही गोली में मौके पर ही बेटी की मौत हो गई। पंचायती फैसले के बाद भी चोरी छिपे मिले थे दोनों इस घटना की जांच में पुलिस ने पाया कि दोनों जब गांव छोड़कर गए तो परिवारों ने इन्हें किसी तरह वापस गांव बुलाया। पंचायत में सहमति बनी कि दोनों दूर रहेंगे। परिवारों ने इन पर बंदिश लगाईं। मगर ये चोरी छिपे मिलने लगे थे। जब यह भनक गांव व परिवार को लगी तो पिता ने इसे अपनी बेइज्जती मानते हुए बेटी को रोकने का प्रयास किया। मगर बेटी जिद पर अड़ गई। बस इसी गुस्से में पिता ने वारदात को अंजाम दे डाला।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा : इंजीनियर की गाड़ी एक्सप्रेस वे से 6 फीट नीचे जाकर गिरी

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : तहसील क्षेत्र से गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर थाना कुमारगंज अंतर्गत इमामगंज गांव के पास 72 नंबर पॉइंट पर पटना से लखनऊ जा रहे इंजीनियर की गाड़ी पलट कर एक्सप्रेस वे के नीचे गिर गई । एक्सप्रेस से गाड़ी पलट पलट के देख ग्रामीण भाजपा ने मौके पर पहुंचकर गाड़ी से सीधी करने का प्रयास किया लेकिन नहीं कर सके तब तक पीआरबी पुलिस भी पहुंचकर गाड़ी का शीशा तोड़कर गाड़ी में सवार लोग सुरक्षित बाहर निकल लिया। ग्रामीणों की सूचना पर चौकी इंचार्ज देवगांव मनीष चतुर्वेदी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की मामले की जानकारी ली चौकी प्रभारी ने बताया कि बिहार के रहने वाले अरविंद कुमार पटना में इंजीनियर के पद पर तैनात हैं । वे अपनी टोयटा गाड़ी से ड्राइवर भरत सिंह के साथ लखनऊ किसी काम के लिए जा रहे थे कि इसी बीच थाना कुमारगंज क्षेत्र के इमामगंज के पास उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 6 फीट नीचे गिर गई । जानकारी के बाद ग्रामीण व पीआरवी के जवानों ने मौके पर पहुंचकर शीशा तोड़कर अंदर फंसे लोगों को सकुशल बाहर निकाला । क्रेन की मदद से वाहन को किनारे लगवा कर दूसरी गाड़ी से उन्हें लखनऊ भेज दिया गया।

## तहसील क्षेत्र के परिषदीय विद्यालय के 61208 : छात्र–छात्राएं इस बार तिमाही की परीक्षा देंगे ओएमआर सीट पर

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : परिषदीय विद्यालयों में तिमाही परीक्षाएं ओएमआर शीट पर कराई जाएंगी। प्रश्नपत्रों को बहु विकल्पीय रूप में तैयार किया जाएगा। परीक्षा के बाद शिक्षकों को परिणाम भी सरल एप पर अपलोड करना होगा। परीक्षा की तैयारियां जोरों पर हैं। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में 472 परिषदीय विद्यालयों में 61208 बच्चें अध्ययनरत हैं। परिषदीय विद्यालयों की तिमाही परीक्षा के स्वरूप में बेसिक शिक्षा परिषद ने इस बार बड़ा बदलाव किया है। सत्र 2022–23 में तिमाही परीक्षाएं ओएमआर शीट पर होंगी। छात्रों से बहु विकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। परिणाम भी तुरंत पता चल जाएगा। परीक्षा में कक्षा एक से आठ तक के बच्चे शामिल होंगे। परीक्षा सितंबर के अंतिम सप्ताह में कराने की तैयारी में शिक्षा विभाग जुटा है। शिक्षकों को परीक्षा खत्म होने के बाद ओएमआर शीट को सरल एप पर अपलोड करना होगा। इसके लिए शिक्षकों को एप के जरिए अपने स्मार्टफोन से ओएमआर शीट को स्कैन करना होगा। एप स्कैन कर तुरंत बता देगा कि छात्र के कितने प्रश्न सही हैं और कितने गलत। सभी छात्रों का असेसमेंट तुरंत हो जाएगा। निपुण भारत मिशन के तहत इसी परीक्षा से कक्षा एक से तीन तक के बच्चों का असेसमेंट भी होगा। परियोजना कार्यालय से प्रश्नपत्र भेजे जाएंगे। ओएमआर शीट का प्रारूप सभी परिषदीय विद्यालयों में एक होगा। ओएमआर शीट पर प्रत्येक छात्र की यूनिक आईडी भरनी होगी। इसी से छात्रों की पहचान होगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि छात्र–छात्राओं की यूनिक आईडी भी शासन से ही उपलब्ध कराई जाएगी। सितंबर के लास्ट हफ्ते तक तिमाही की परीक्षा ली जाएगी इस तरीके से छात्र छात्राओं को पेपर देने में भी आसानी होगी।

## आंगनबाड़ी भवन बनने से क्षेत्र की उन्नति के साथ नौनिहालों से लेकर धात्री महिलाओं तक का होगा विकास– आलोक सिंह

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी भवन बनने से क्षेत्र की उन्नति के साथ नौनिहालों से लेकर धात्री महिलाओं तक का होगा विकास। उक्त बात आज ग्राम पंचायत मधुपुर के प्राथमिक विद्यालय रामपुर संडासी में आंगनबाड़ी भवन के शिलान्यास के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह 'रोहित ' ने अपने संबोधन में कहा। अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि नौनिहालों से लेकर धात्री महिलाओं तक को कुपोषण से बचाने एवम उनके विकास में आंगनबाड़ी केंद्र की अहम भूमिका है। आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर भवन के निर्माण की दिशा में उठाया गया यह कदम प्रशंसनीय है। जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि ने ग्राम प्रधान जय लाल पूर्व प्रधान उदय पांडे एवं ग्राम सभा वासियों एवं सरकारी कर्मचारियों के साथ ग्राम पंचायत मधुपुर के रामपुर संडासी में आंगनबाड़ी भवन की वैदिक मंत्रों के साथ आधारशिला रखी। आज ही विकासखंड की ग्राम पंचायत उसरु अमोना में पूर्व विधायक श्रीमती शोभा सिंह चौहान ने प्राथमिक विद्यालय उसरू अमौना में बने आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया। पूर्व विधायक श्रीमती चौहान के साथ भाजपा नेता सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के निजामुद्दीन उपस्थित रहे। उसरू अमौना में लोकार्पण समारोह के दौरान प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। ग्राम पंचायत मधुपुर में हुए आंगनबाड़ी भवन के शिलान्यास एवं उसुरू अमोना में आंगनबाड़ी भवन के लोकार्पण के दौरान मुख्य रूप से विकासखंड मसौधा के संयुक्त खंड विकास अधिकारी बद्री प्रसाद वर्मा, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी संतोष पांडे, नरेंद्र पांडे, सहायक विकास अधिकारी कोऑपरेटिव जयशंकर सिंह ,ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मीनाक्षी वर्मा, जितेंद्र कुमार वर्मा, अखिलेश सिंह ,कार्तिकेय पांडे, राजेंद्र पांडे, राहुल पांडे महानुभाव मिश्रा उपस्थित रहे।

## राम नगरी के लाल ने बॉम्बे में मुम्बई सिनेमा अवार्ड पाकर नाम किया रोशन : अपने मधुर आवाज से महका रहे धर्मनगरी अयोध्या की माटी

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : धर्मनगरी अयोध्या के रहने वाले मधुर जादुई आवाज के गायक कलाकार शिवेंद्र पंडित(पंडित बंधु)ने मुम्बई में सुर झंकार और भारत की बड़ी यूट्यूब कंपनी सोनोटेक म्यूजिक के द्वारा आयोजित मुम्बई सिनेमा अवार्ड 2022 में सम्मानित होकर धर्मनगरी अयोध्या को गौरवान्वित किया।अयोध्या माटी के लाल ने जिले और अपने गांव के साथ साथ माता पिता का नाम रोशन किया है,गायकी ओर अदाकारी के छेत्र में शिवेंद्र पंडित और कौशल पंडित दो जुड़वा भाई अयोध्या के बेहतरीन कलाकारों में गिने जाते हैं,जुड़वा हमशक्ल शिवेंद्र व कौशल पंडित अयोध्या के तारुन ब्लॉक के खपराडीह के ग्राम अंकारी रहने वाले रविशंकर तिवारी जी के होनहार जुड़वा हमशक्ल पुत्र है।पिछले कई वर्षों से दोनो ने कठिन परिश्रम से संगीत के क्षेत्र में धूम मचा रखा है,कई रियल्टी शो और बहुत सारे अवार्डों से सम्मानित किए जा चुके है।उनके इस सम्मान से परिवार और शुभचिंतकों में खुशी की लहर।जो कभी अपने नाम के मोहताज नही हुए वो एक नाम संघर्षो की उपज शिवेंद्र व कौशल पंडित ने अपने आवाज के जादू से जिले में नही पूरे भारतवर्ष में गायकी के छेत्र में जादू बिखेर रहे है।जो एक बार पंडित बंधु की जादुई आवाज सुन ले वो इस जादुई आवाज का कायल हो जाता है।

## 21 सितम्बर 2022 को लखनऊ स्थित गॉधी प्रतिमा पर होने वाले आन्दोलन को सफल बनाने हेतु की गयी बैठक

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : आज महासंघ के आवाहन पर प्रदेश व्यापी निकाय कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु लखनऊ इकाई के महासंघ के सभी सहयोगी संगठनों एवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा उत्तर प्रदेश स्थानीय कर्मचारी महासंघ के द्वारा किये जा रहें आन्दोलन को पूरा समर्थन देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार/शासन से अपील की गयी है, कि यदि समय रहते निकाय कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान नहीं निकला तो निकाय कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा आन्दोलन निर्णायक साबित होगा। महासंघ द्वारा प्रदेश सरकार को पूर्व प्रेषित 13 सूत्रीय मांगों के समाधान हेतु पूर्व में दिनांक 07 सितम्बर 2022 को प्रदेश की सभी इकाईयों द्वारा अपने–अपने मुख्यालय पर धरना प्रर्दशन के माध्यम से माननीय मंत्री नगर विकास महोदय एवं प्रमुख सचिव नगर विकास को ज्ञापन प्रेषित कर कर्मचारी समस्याओं के समाधान के हेतु बैठक के माध्यम से अनुरोध किया जा चुका है, परन्तु खेद है, कि अभी तक प्रदेश सरकार/शासन द्वारा निकाय कर्मचारियों की सेवा सम्बन्धी एवं अन्य समस्याओं का समाधान सम्भव न हो सका। आज उत्तर प्रदेश के विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र को उनके आन्दोलन में पूरा समर्थन व्यक्त करते हुए पत्र भी प्रेषित किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से सर्वश्री वीपी मिश्रा, अध्यक्ष कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा उ.प्र., सुरेश रावत, अतुल मिश्र, गिरीश मिश्रा, मनोज मिश्रा, सहित अन्य सभी संयुक्त मोर्चा के घटक संगठन के प्रतिनिधियों के साथ–साथ नगर निगम तमाम सहयोगी संगठनों द्वारा पूरी ताकत के साथ दिनांक 21.09.2022 को होने वाले विशाल धरना प्रर्दशन को सफल बनाने का निर्णय लिया गया है, साथ नगर निगम/जलकल के तमाम कर्मचारी संगठनों एवं आम कर्मचारियों से प्रस्तावित आन्दोलन को सफल बनाने की अपील की गयी है। संघ कार्यालय पर हुयी बैठक में गांधी प्रतिमा पर होने वाले धरना प्रदर्शन को सफल बनाने हेतु महासंघ के सभी सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थें। जिसमें प्रमुख रूप सर्वश्री सै0कैसर रजा, आर0पी0 सिंह, गोमती त्रिवेदी, राम कुमार रावत, आनन्द कुमार मिश्रा, कुलदीप चौधरी, शैलेंद्र तिवारी, प्रदीप सिंह(गुडडू), कुवंर जयसिंह, राकेश तिवारी, विजय शंकर पाण्डेय, विजय कुमार यादव, अमरेन्द्र दीक्षित, काली पांडेय, अजय कुमार द्विवेदी, मनोज वर्मा, सुधाकर मिश्रा, अमित सिंह, आशीष कुशवाहा, अब्दुल रशीद, नितिन त्रिवेदी, मो.हनीफ,आदि बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

### अमेरिकी नागरिक रत्नेश भूटानी को एसटीएफ ने आगरा से किया गिरफ्तार

आगरा ब्यूरो : एसटीएफ मेरठ ने शनिवार को कंकरखेड़ा में रहने वाले अमेरिकी नागरिक रत्नेश भूटानी को आगरा से गिरफ्तार किया है। एएसपी एसटीएफ बृजेश सिंह ने बताया कि आरोपी भूटानी आगरा में रिश्तेदारों के पास जमीन की खरीदारी करने के लिए गया था। अमेरिकी नागरिक रत्नेश भूटानी अमेरिका के कैलीफोर्निया से दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहा था। इंटरपोल के वांछित घोषित करने पर उसको गिरफ्तार किया है।

### न्यायालय के आदेश पर भू– माफियाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : थाना कोतवाली इनायतनगर में न्यायालय के आदेश पर भू माफियाओं के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित मो अकबर पुत्र मो नजीर द्वारा धारा 156(3) के अंतर्गत न्यायालय की शरण लेने पर अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन/एसीजेएम फैजाबाद के आदेश पर मुकीमपुर निवासी लाल अंबिका प्रताप और मो इदरीश व दो अन्य के विरुद्ध थाना इनायतनगर में मुकदमा संख्या 0441/22 धारा 420,467,452, 352, 354,323,504,506 आईपीसी में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।पीड़ित मो अकबर ने बताया कि ग्राम पंचायत मुकीमपुर निवासी भू माफिया लाल अंबिका प्रताप व मोहम्मद इदरीस पुत्र मोहम्मद शमी आदि ने उसकी पैतृक संपत्ति को जबरिया कब्जा करके उसे बेदखल करना चाह रहे हैं विरोध करने पर इन लोगों ने घर में घुसकर मारा पीटा और महिलाओं से अभद्रता करते हुए गाली गलौज एवं जान से मारने की भी धमकी दिया।साथ ही बताया कि उक्त मनबढ़ भूमाफियाओं ने गाटा संख्या 3087(क) एवं 3190(क) को धोखाधड़ी करके अब्बू सराय निवासी अफरोज अली को रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करके बेच दिया।कुछ दिन बाद पुनः उसी भूमि को एक अन्य प्रभावशाली व्यक्ति को विक्रय हेतु रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करने के साथ साथ कुछ हिस्सा मुकीमपुर निवासी अनिल कुमार को बेंच दिया।इसके अलावा पूर्व में भी जमीनों के फर्जीवाड़े में इनका इतिहास रहा है।इन लोगों ने ग्राम पलिया माफी मुकीमपुर में स्थित सरकारी जमीन को बेचा था जिसमें इनायतनगर थाने में मुकदमा अपराध संख्या 0263/17 के अंतर्गत धारा 420,467, 2ध्3 के अंतर्गत लाल अंबिका प्रताप के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ था।इसके अतिरिक्त दोनों के द्वारा क्षेत्र के दर्जनों व्यक्तियों से सरकारी भूमि का एग्रीमेंट करके पैसा भी ऐंठ लिया गया है।भूमि विवाद से जुड़े क्षेत्र के अधिकतर विवादित मामलों में आपराधिक प्रवृति के मो इदरीश प्रोफेशनल गवाह के तौर पर कार्य करता है। इसका नाम भूमि विवाद से जुड़े आठ मुकदमों सहित कई एग्रीमेंट में बतौर गवाह के रूप में जुड़ा है।

## जनपद के पांच ब्लॉकों का चयन : बीआरसी मुख्यालयों की होगी ऑनलाइन मॉनिटरिंग

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : जनपद के पांच ब्लॉक संसाधन केंद्रों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार बेसिक शिक्षा विभाग बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रहा है। अब बेसिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं का ब्लॉक संसाधन केंद्रों से होने वाली गतिविधियों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग किया जाएगा। इसमें एक पखवाड़े में एक बीआरसी और माह में दो बीआरसी का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए जनपद के पांच ब्लॉकों का चयन किया गया है। मॉनिटरिंग के लिए टीम का गठन कर दिया गया है। ब्लॉक संसाधन केंद्रों से होने वाली गतिविधियों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग करने का निर्णय लिया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि प्रथम चरण में जनपद के जिन बीआरसी का चयन हुआ है, उसमें सोहावल , रुदौली , बीकापुर , पूरा बाजार और मिल्कीपुर शामिल हैं। बीआरसी केन्द्रों पर आने वाली गड़बड़ी की शिकायतों और शिक्षकों की समस्याओं की भी जानकारी हो सकेगी। उन्होंने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को गठित टीम के सहयोग के लिए निर्देशित किया गया है। आवंटित बीआरसी के खंड शिक्षा अधिकारियों से ऑनलाइन अनुश्रवण करना अनिवार्य किया गया है।

# विद्युत तार की चपेट में आकर महिला की मौत

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : शुक्रवार की सुबह शौच को निकली 55 वर्षीय एक महिला बाग में गिरे 440 वोल्ट विद्युत तार की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर तक महिला वापस नहीं लौटी तो परिवारजनों ने खोजबीन शुरू की। खोजते खोजते शव के पास बाग में पहुंचे तो पूरे मामले की जानकारी हुई। बिजली विभाग को फोन कर लाइन बंद कराई गई और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। घटना बीकापुर सर्किल के थाना क्षेत्र हैदरगंज में स्थित ग्राम पंचायत थरिया कला के मजरे जहली पाठक का पुरवा की है। मृतका की शिनाख्त इसी गांव की निवासी पछुहवा पत्नी सिद्धू के रूप में हुई है। परिवारजनों ने बताया कि महिला भोर में गांव से बाहर बाग की तरफ शौच के लिए गई थी।बाग में गांव निवासी कृष्ण कुमार पाठक के ट्यूबवेल के लिए खींची गई 440 वोल्टेज की लाइन का तार टूट कर गिरा पड़ा था। जिसमें विद्युत प्रवाहित हो रही थी। उधर से गुजर रही महिला चपेट में आ गई और विद्युत स्पर्शाघात से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। खोजबीन शुरू हुई तो वह बाग में विद्युत तार से लिपटी मिली। गांव निवासी सदानंद पाठक ने पुलिस और बिजली विभाग को सूचना दी और लाइन बंद कराई। घटना के बाद परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। विद्युत विभाग की लापरवाही को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। थानाध्यक्ष हैदरगंज अशोक यादव ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।